लोक सभा अध्यक्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली; 10 मई, 2022: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला, 11 से 13 मई 2022 तक अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान श्री बिरला 12 मई 2022 को अरुणाचल प्रदेश विधान सभा में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र, जोन III, सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे एवं सम्मलेन को सम्बोधित करेंगे।

उपसभापति, राज्य सभा श्री हरिवंश; अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री पासंग दोरजी सोना; अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू व् अन्य गण्यमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इस अवसर पर श्री बिरला अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के अत्याधुनिक संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। वे विधान सभा परिसर में विधान सभा पुस्तकालय और प्रदर्शनी और जवाहरलाल नेहरू राज्य संग्रहालय का भी दौरा करेंगे।